卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 131 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦15 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## प्रेमिका के हत्यारे साहिल को पुलिस ने रिमांड पर लिया

नई दिल्ली(उद संवाददाता)।दिल्ली के बाबा हरिदास नगर के मित्राऊं गांव में हुए निक्की यादव हत्याकांड मामले में दिल्ली की अदालत ने आरोपी साहिल गहलोत



को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड की मांग की थी। गौरतलब है कि मित्राऊं के रहने वाले साहिल पर आरोप है कि उसने अपनी लिव-इन पार्टनर निक्की यादव की कार में गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव खाली प्लाट में स्थित अपने ढाबे में रखे फ्रिज में छिपा दिया। वारदात के अगले दिन उसने दूसरी युवती से शादी भी कर ली। युवती के लापता होने और हत्या की आशंका की सूचना क्राइम ब्रांच को मिलने पर पुलिस ने छानबीन के बाद मंगलवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क में मांस फैंकने पर कांवरियों का हंगामा

### पुलिस हुई अलर्ट, हाईवे पर वाहनों की चेकिंग शुरू

जसपुर/रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जसपुर में हरिद्वार से कांवर ला रहे





कांवरियों के आगे मांस फेंकने से बवाल मच गया। जिसके बाद से कांवरियों ने हंगामा काटते हुए सड़क को जाम कर दिया । मामले की गंभीरता को देखकर पुलिस भी अलर्ट हो गई । मौके पर पहुंचकर काशीपुर एसपी अभय प्रताप सिंह, सीओ वंदना वर्मा व कोतवाल ने स्थिति का जायजा लिया और कांवरियों को मनाने में जुट गए। हंगामे के बाद जिलेभर की पुलिस अलर्ट हो गयी है और चेकिंग में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिद्वार से कुछ शिव भक्त कांवर लेकर आ रहे थे, आरोप है कि इन दौरान जसपुर के पास किसी ने कांवरियों के आगे मांस फैंक दिया। इस बात की पुष्टि नहीं हो पायी है कि मांस किसी ने फैंका था या उसे कोई जानवर वहां लेकर आया था। लेकिन गुस्साए (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को आज जिला न्यायालय किशोर पंत और एसएसपी मंजूनाथ टीसी भी मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान बार अध्यक्ष दिवाकर पाण्डेय यादव, उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट विष्णु मंडल, लेखा परीक्षक इंद्रजीत सिंह बिट्टा, पुस्तकालय अध्यक्ष को शपथ दिलाई गयी। इस दौरान वक्ताओं मुख्य अतिथि ने बार और बेंच के बीच तालमेल पर जोर दिया। साथ ही





परिसर में आयोजित शपथ समारोह में मुख्य अतिथि जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने विधिवत शपथ दिलाई। शपथ समारोह में जिलाधिकारी युगल ने की। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष एमपी तिवारी, सचिव सुशीला मेहता बिष्ट ,उपसचिव कमल कुमार ताड़वाल,कोषाध्यक्ष अजय कुमार सुरेंद्र कुमार नरूला, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शाहिद हुसैन और प्रीतम लाल अरोरा,कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शुभम गगनेजा , सीपी गंगवार ,नईम बाबू वक्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए वादकारियों के हितों का भी ध्यान रखने की बात कही। नवनिर्वाचित बार (शेष पृष्ठ सात पर)

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: एसएसपी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जसपुर में कांवरियों पर मांस फैंकने के मामले में एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि जांच में आरोप झूठने निकले हैं। सीसी



टीवी फुटेज में मांस फैंकने की पुष्टि नहीं हुयी है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि इस मामले में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कांवरियों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर है। बता दें जसपुर में नादेही चौराहे पर कांवड़ियों ने यह कहते हुए जाम लगा दिया था कि उन पर मुर्गे के मांस के टुकड़े फेंके गए हैं। इसको लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। तनाव की स्थिति के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस हो गया। आसपास के सीसीटीवी देखे गए पर मांस फेंके जाने की कहीं भी पुष्टि नहीं हुई। एसएसपी ने कहा कि इस मामले में कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, ऐसे में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेपर लीक प्रकरण में दो और गिरफ्तार

हरिद्वार।पटवारी भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में पुलिस ने जांच के आधार पर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एसआईटी ने पटवारी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सहारनपुर के रिसोर्ट में अभ्यर्थियों को पेपर रटवाने के दौरान उनकी निगरानी की थी। एक आरोपी मुख्य आरोपी संजीव दुबे का मौसेरा भाई लगता है। जबकि दूसरा शिक्षक राजपाल का छात्र है। एसआईटी प्रभारी रेखा यादव ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि



पटवारी भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के बाद कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले। जिसके आधार पर आरोपी देवी सिंह व धर्मेंद्र को हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी संजीव दुबे के मौसेरे भाई देवी सिंह और आरोपी शिक्षक राजपाल के छात्र धर्मेंद्र ने बिहारीगढ़ स्थित रिजॉर्ट में अभ्यर्थियों को पटवारी परीक्षा का पेपर रटवाने और उनकी निगरानी करने के लिए 25-25 हजार रुपये बतौर एडवांस लिए थे।

## तमंचे पे डिस्को पड़ा भारी,आरोपी दबोचा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तमंचा रखने का शौक युवक को भारी पड़ गया। पुलभट्टा पुलिस ने युवक को तमंचे व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक पुलभट्टा क्षेत्र में एक युवक की तमंचे पे डिस्को करने की वीडियो वायरल हो रही। थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने उक्त



वीडियो को गंभीरता लिया और बरा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र सिह रिंगवाल को युवक को पकड़ने के निर्देश दिए। इस पर चौकी प्रभारी हेड कांस्टेबल रविकांत शुक्ला,गजेन्द्र सिह, अनिल कुमार के साथ मंगलवार शाम गशत पर थे। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरा में उक्त युवक को घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास तमंचा और दो कारतूस बरामद किए। पकडे गये युवक ने अपना नाम आशीष पुत्र राम भरोसे निवासी ग्राम बरी थाना-पुलभट्टा बताया। उसकी तालाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक ने पूछताछ में पुलिस को बताया उसने तमंचा शौकिया टशन के लिए रखा है। पुलिस उससे तमंचा खरीद कर लाने के संबंध में पूछताछ कर रही है।(शेष पृष्ठ सात पर)

## वन कर्मियों के साथ झगड़ा फसाद,पांच लोग नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर फॉरेस्ट कैंपस रामनगर निवासी देवेंद्र सिंह रजवार पुत्र खुशाल सिंह रजवार ने बताया कि बीते 7 फरवरी को कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र के जुड़का इलाके में ढकिया नंबर एक निवासी हरदीप सिंह पुत्र काला सिंह, गांधीनगर कुंडेश्वरी निवासी शिव कुमार उर्फ शिबू पुत्र किशोरीलाल, यही के गुरु सेवक पुत्र भगत सिंह, गुलजारपुर निवासी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र जोगिंदर सिंह, तथा यही के जगदीप सिंह पुत्र जोगिंदर आपस में एक राय होकर वनाधिकारी तथा स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की करते हुए गाली गलौज की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मारपीट के मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## पद का दुरूपयोग करने पर प्रधानाचार्य निलंबित

काशीपुर(उद संवाददाता)। स्थानीय जीवी पंत इंटरमीडिएट कॉलेज की अलमारी से गायब हुए महत्वपूर्ण दस्तावेजों के मामले में लगभग माह भर पूर्व से चल रही जांच पूर्ण हो गई। इस मामले में जहां एक और पूर्व प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दस्तावेजों में हेरफेर करने का व्यापक गड़बड़ घोटाला सामने आया वही खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी पूरे प्रकरण में संदिग्ध बताई जा रही है। प्रबंध कार्यकारिणी द्वारा गठित जांच समिति ने मामले की गहन पड़ताल के उपरांत अपनी रिपोर्ट 13 फरवरी को अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा, मुख्य शिक्षा अधिकारी, महानिदेशक शिक्षा, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला अधिकारी को प्रेषित कर दी। मामले की पड़ताल करने वाली गठित जाँचसमिति ने जांच में पाया कि पूर्व प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा इस इस प्रकरण में अपने पद का दुरुपयोग किया गया एवं खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी इस पूरे प्रकरण मे संदिग्ध (शेष पृष्ठ सात पर)

### खंड शिक्षा अधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध

काशीपुर(उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत के छात्रों ने सामूहिक रूप से कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य अजय कौशिक के पुत्र को उन्होंने विद्यालय में कभी नहीं देखा। इस बारे में प्रधानाचार्य ने कई बार बच्चों से कहा कि उनका बेटा इंग्लिश मीडियम से आया है उसके लिए अलग से पर्चा बनेगा। यानी विद्यालय के नियम कायदे विवादित प्रधानाचार्य कौशिक के पुत्र पर लागू नहीं थे। स्कूली बच्चों ने यह भी कहा कि प्रधानाचार्य का पुत्र उनके साथ कभी परीक्षा में भी सम्मिलित नहीं हुआ। सूत्रों की मानें तो (शेष पृष्ठ सात पर)

## किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। मेन मार्केट से गुजरते हुए एक किशोरी के साथ सिरफिरे द्वारा अश्लीलता करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गंभीर धाराओं में नामजद करते हुए तत्परता दिखाते दबोच कर उसे सलाखों के पीछे कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला अल्ली खां निवासी एक किशोरी गत दिवस बाजार में मदान बिस्किट वाली गली से होकर गुजर रही थी इसी दौरान काली राख मोहल्ला अल्ली खां निवासी उजैब पुत्र तस्लीम ने उद्दंडता की सारी (शेष पृष्ठ 7 पर)

# पुलिस से पथराव में घायलों के इलाज के दस्तावेज कोर्ट में पेश करने के निर्देश

## बॉबी पंवार की जमानत पर आज आ सकता है फैसला


देहरादून। देहरादून के घंटाघर पर आंदोलित युवाओं द्वारा पथराव और उपद्रव के मामले में गिरफ्तार उत्तराखंड बेरोजगार संघ से प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार समेत सात की रिहाई टल गई। मंगलवार को पुलिस ने जमानत का विरोध किया और पुलिस अफसरों को अस्पतालों में भर्ती बताते हुए मुकदमे में फिर से आईपीसी की धारा 307 (जानलेवा हमला) शामिल करने की मांग की। बचाव पक्ष के विरोध के बाद अदालत ने बुधवार (आज) तक पुलिस को घायलों के इलाज के दस्तावेज पेश करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट के सर्कुलर के अनुसार सात दिन के भीतर जमानत प्रार्थना पत्र को निस्तारित करना है। इस घटना को भी बुधवार को सात दिन पूरे हो रहे हैं। ऐसे में अदालत हर हाल में इस प्रार्थना पत्र को निस्तारित करते हुए जमातन को निस्तारित कर सकता है। सीजेएम लक्ष्मण सिंह की कोर्ट में मंगलवार को बॉबी समेत सात की जमानत पर अभियोजन और बचाव पक्ष में जोरदार बहस हुई। आरोपियों के अधिवक्ताओं ने अदालत से जमानत की मांग की। इसके विरोध में अभियोजन की ओर से उपद्रव के दिन के कुछ फोटो, वीडियो और अगले दिन की अखबारों की कटिंग पेश की गई। अभियोजन की ओर से कहा गया कि पथराव में एसओ प्रेमनगर, एसआई संतोष और सीओ प्रेमनगर आशीष भारद्वाज गंभीर रूप से



घायल हैं। इनका सुभारती और दून अस्पताल में इलाज चल रहा है। लिहाजा, इस मुदकमे में पहले काटी गई धारा 307 को भी बढ़ाया जाए। लेकिन, इसके संबंध में कोई मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश नहीं की गई। इसके लिए पुलिस ने वक्त की मांग की। बचाव पक्ष की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया कि पुलिस इस मामले को जानबूझकर टाल रही है। इससे अनावश्यक रूप से बॉबी समेत सभी युवाओं को जेल में रखा जा रहा है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पुलिस को एक दिन का समय मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिया है। बता दें कि 10 फरवरी को पुलिस ने धारा 307 में न्यायिक अभिरक्षा रिमांड मांगा था। लेकिन, कोर्ट ने जानलेवा हमले की धारा को हटाकर गंभीर हमले की धारा 324 में रिमांड मंजूर किया था। परीक्षा देने के आधार पर न्यायालय ने गत 11 फरवरी को छह युवाओं की जमानत मंजूर कर दी थी। लेकिन, उन्होंने बेल बॉन्ड नहीं भरा था। ऐसे में उन्हें रिहा नहीं किया जा सका। इस पर अब पुलिस ने सभी की जमानत रद्द करने की मांग अदालत से की। पुलिस ने तर्क दिया कि युवाओं ने परीक्षा देने से इन्कार कर दिया था। ऐसे में उन्हें मिली जमानत को रद्द कर दिया जाए। इस पर बचाव पक्ष की ओर से इस प्रार्थना पत्र की दूसरी प्रति न होने की बात अदालत से कही गई। इसके लिए भी अदालत ने अभियोजन को एक दिन का वक्त दे दिया।

# महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पर सरकार से 6 हफ्तों में मांगा जवाब

नैनीताल। हाई कोर्ट ने हाल ही में राज्य की सेवाओं में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अधिनियम, 2022 को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर मामले में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं, अलबत्ता कोर्ट ने आरक्षण अधिनियम पर किसी तरह की रोक नहीं लगाई है लेकिन राज्य लोक सेवा आयोग की पीसीएस भर्ती प्रक्रिया के परिणाम को याचिका के निर्णय के अधीन कर दिया है। अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें उपश्रेणियां जैसे महिलाएं, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति, भूतपूर्व कर्मचारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, खिलाड़ियों आदि को क्षैतिज आरक्षण मिलता है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की खंडपीठ में दिल्ली निवासी आलिया की याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें कहा कहा गया है कि वह ऐसी महिला है, जिसके पास उत्तराखंड में निवास का डोमिसाइल नहीं है। उत्तराखंड अपर पीसीएस परीक्षा-2021 में मेधावी होते हुए भी मात्र इसलिए अनुत्तीर्ण हो गई क्योंकि 24 जुलाई 2006 के सरकारी आदेश के माध्यम से उत्तराखंड महिला वर्ग को मूल निवास आधारित आरक्षण प्रदान किया गया था। इस आरक्षण से संबंधित शासनादेश को



24 अगस्त 2022 को उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी गई थी। डोमिसाइल आधारित आरक्षण पर रोक के कारण, याचिकाकर्ता का प्रारंभिक परीक्षा में चयन हुआ है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। जिसके बाद 10 जनवरी, 2023 को राज्य विधानमंडल की ओर से इस अधिनियम को बनाया, और राज्य में डोमिसाइल आधारित आरक्षण को फिर से शुरू किया गया है। उत्तराखंड में फिर से महिलाओं को सरकारी सेवाओं में क्षैतिज आरक्षण का कानून अस्तित्व में आने से छह फरवरी को याचिकाकर्ता को पीसीएस मुख्य परीक्षा के लिए अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। याचिकाकर्ता के वकील डॉ कार्तिकेय हरि गुप्ता ने न्यायालय के समक्ष दलील दी है कि उत्तराखंड राज्य के पास डोमिसाइल आधारित महिला आरक्षण प्रदान करने को कानून बनाने की कोई विधायी क्षमता नहीं है। यह अधिनियम केवल उच्च न्यायालय के आदेश के प्रभाव को समाप्त करने के लिए लाया गया है, जो अवैधानिक है, भारत के संविधान में इसकी अनुमति नहीं है। यह अधिनियम भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है। याचिका में यह भी कहा गया गया है कि यह अधिनियम नहीं बनाया जा सकता क्योंकि यह एक संवैधानिक असंभवता है और विधानमंडल ऐसा करने में अक्षम है।

# आंदोलनरत अभ्यर्थियों द्वारा उठाये गए सभी मुद्दों पर सरकार की सहमति : एसीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मंगलवार को सचिवालय में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आंदोलनरत अभ्यर्थियों द्वारा उठाये गए सभी मुद्दों को गम्भीरता से लेते हुए स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण संवाद से उनकी सभी समस्याओं को हल करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। एसीएस ने कहा कि युवाओं की सबसे बड़ी मांग थी की नकल विरोधी कानून को सख्त बनाया जाए, जिसको गम्भीरता से लेते हुए कम समय में ही देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून प्रदेश में लागू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कानून स्कूलों/डिग्री कॉलेज की परिक्षाओं में यह लागू नहीं होगा। एसीएस ने कहा कि युवाओं द्वारा यूकेएसएसएससी व लोक सेवा




आयोग की परीक्षाओं में पाई गई अनियमितताओं के सम्बन्ध में चल रही एसआईटी और एसटीएफ की जांच का पर्यवेक्षण उच्च न्यायालय के न्यायधीश से करवाने की मांग की गई थी। इस पर राज्य सरकार ने अपनी सहमति दे दी है। एसीएस ने यह भी कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य युवाओं के हितों से खिलवाड़ करने वाले या अनुचित तरीके इस्तेमाल करने वालों के विरूद्ध सखह्ती की जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों को दिग्भर्मित करने, बरगलाने तथा भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार करने वालों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेष बगौली, एडीजी (लॉ एण्ड आर्डर) श्री वी. मुरूगेशन व अपर सचिव श्री जगदीश प्रसाद काण्डपाल मौजूद रहे।

# राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने की जरुरत : सीएम

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक सचिवालय में हुई। इस दौरान सीएम धामी ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में प्रगति रिपोर्ट जानी। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य के पर्वतीय जनपदों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए सहकारिता के क्षेत्र में और प्रयासों की जरूरत है। सीएम धामी ने कहा की सरकार की विभिन्न योजनाओं का आम जन अधिक से अधिक फायदा ले सकें। इसके लिए ऐसी व्यवस्था की जाए कि एक जैसी प्रकृति की योजनाओं के तहत लोगों को संबंधित विभागों की योजना का लाभ उठाने के लिए मिश्रित लोन लेने की सुविधा मिल सके। सहकारी बैंकों द्वारा एनपीए को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएं। बैंकों को ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने की दिशा में विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में और प्रयासों की आवश्यकता है। सीएम धामी ने सचिवालय में उत्तराखंड राज्य सहकारी बैंकों की बैठक के दौरान अधिकारियों को



ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने और कलस्टर आधारित अप्रोच पर अधिक ध्यान देने की जरुरत है। राज्य में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएं। इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। आम जन को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। सहकारी बैंकों के माध्यम से लोन की प्रक्रियाओं के सरलीकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की आम जन को गोष्ठियों एवं कैम्प के माध्यम से जानकारी दी जाए। बैठक में मौजूद सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि पिछले पांच सालों में राज्य के सहकारी बैंकों में एनपीए में तेजी से कमी की गई है। पांच साल पहले एनपीए लगभग 20 प्रतिशत था, जो अब घटकर 3.81 प्रतिशत है। सहकारी बैंकों के माध्यम से मोबाईल बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सभी पैक्स का कंप्यूटराइजेशन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वही सहकारी बैंकों में आईबीपीएस के माध्यम से भर्तियां की जा रही हैं।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave, Near ICON School, Sidcul-Bigwara Road , Rudrapur, U.S. Nagar

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# ग्राम प्रधानों को दिया पंचायती राज ई ग्राम स्वराज प्रशिक्षण

गरुड़ (उद संवाददाता)।गरुड ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों को पंचायती राज प्रशिक्षण में ई ग्राम स्वराज, अपुणी सरकार सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के ग्राम प्रधानों को ई ग्राम स्वराज व ई सर्विस पोर्टल के बारे में बताया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों द्वारा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधानों व वार्ड मेंबरों को ई सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।



ई सेवा प्रशिक्षण के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को जन्म,मृत्यु,परिवार रजिस्टर संशोधन करने के बारे में बताया जा रहा है। ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट ने इस कार्यक्रम को पंचायत प्रतिनिधियों के लिए लाभकारी बताया है। साथ ही इस दो दिवसीय प्रशिक्षण में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने की अपील की है। इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख बहादुर सिंह कोरंगा, खंडविकास अधिकारी केडी जोशी,प्रबंधक आईटीडीए (सूचना प्रौद्योगिकी एवं विकास विभाग) दिनेश बेलवाल,अंजू दानू,गौरव टंगडिया,लक्ष्मी नारायण,भावना आदि मौजूद थे।

# सरकारी अस्पताल के निरीक्षण में तीन कर्मचारी मिले गैर हाजिर

सितारगंज(उद संवाददाता)। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तपन शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एसीएमओ ने चिकित्साधीक्षक को अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों को उचित लाभ मिले। मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शर्मा अचानक सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंच गये, उन्होंने चिकित्साधिकारी डॉ. अभिलाषा पाण्डे से अस्पताल में संचालित योजनाओं के बारे में जाना। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों, अस्पताल परिसर में साफ-सफाई आदि का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तीन ओपीडी व इमरजेंसी के कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। उन्होंने चिकित्साधीक्षक को ड्यूटी पर न मिलने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसके बाद उन्होंने अस्पताल के निर्माणाधीन भवन की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

# छात्र की मौत के आरोपी ट्रक चालक पर मुकदमा

सितारगंज(उद संवाददाता)। बीते दिवस स्कूली छात्र की सड़क हादसे में हुई मौत के प्रकरण में पुलिस ने छात्र की स्कूटी को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार को छात्र के दादा मौले राम निवासी ग्राम बघौरा ने दर्ज कराये मुकदमे में कहा है कि 11 फरवरी को सायं पांच बजे उनका नाती गौरव राणा पुत्र सुरजीत सिंह राणा अपने दोस्त प्रियांशु जोशी की स्कूटी से से जा रहे थे। तभी बाईपास पर अम्बिका होटल के सामने एक ट्रक संख्या यूपी 13टी - 5204 के चालक ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से गौरव स्कूटी से छिटकर गिर गया और उक्त ट्रक चालक ने गौरव राणा को रौंद दिया। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ट्रक चालक को पकड़ने की कार्यवाही शुरू की है।

# कांवरियों की सुरक्षा व यात्रा मार्गों की साफ सफाई की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गौ सेवा आयोग तथा गौ रक्षा दल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर जिलाधिकारी से महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर प्रांगणों तथा रूद्रपुर शहर में कांवरियों के निकलने वाले यात्रा मार्गों पर सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व आगामी 18 फरवरी को शहर के लगभग समस्त मन्दिरों में मनाया जाना है। इस पावन पर्व पर श्रद्धालु



हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शहर के विभिन्न मन्दिरों में शिवरात्रि के दिन गंगाजल से जलाभिषेक करते हैं तथा मन्दिर परिसरों में बड़ी संख्या में भण्डारे तथा पूजा अर्चना के कार्यक्रम किये जाते हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के मुख्य मार्गों से होकर किच्छा, बहेडी, सितारगंज तथा आगे कि यात्रा तय करते हैं। अत: शहर से गुजरने वाले कावरियों के लिये मार्ग में सफाई व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रदान किया जाना अत्यन्त आवश्यक है जिससे कांवर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। ज्ञापन देने वालों में विजय वाजपेई, राधे, योगेश वर्मा, किरण वर्क व ललित बिष्ट शामिल थे।

# भाजपा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

कपकोट (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी कपकोट मंडल एवं शिखर मंडल सहित भाजपा बागेश्वर के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि संगठन के बदौलत पार्टी आगामी



चुनावों में भी नये-नये कीर्तिमान स्थापित करेगी। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने सभी पदाधिकारियों से आगामी चुनाव के लिए अभी से कमर कसने को कहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कपकोट भुवन गड़िया, शिखर मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक गस्याल, चम्पा आर्य, सांसद प्रतिनिधि दयाल ऐठानी, प्रकाश जोशी के अलावा नव निर्वाचित पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर गोद भराई व बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। आंगनवाड़ी केंद्र मकरंदपुर प्रथम पर बाल मेले का आयोजन किए जाने के दौरान एक महिला की गोद भराई की रस्म आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मनप्रीत कौर द्वारा की गई स मनप्रीत कौर ने बताया कि गत दिवस आंगनवाड़ी केंद्र मकरंदपुर प्रथम पर बीबीसी बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को खेलकूद की विभिन्न गतिविधियां और स्कूल की



अनेक गतिविधियां करवाई गई हैं , जिसमें चित्रकला,पेंटिंग और कविता;पाठ इत्यादि सिखाए गए साथ ही विभिन्न प्रकार की दौड़ जिसमें मेंढक दौड़,सीधी दौड़ एवं बोरी दौड़ भी करवाई गई है इसके अलावा एक महिला दिव्या पत्नी सूरज जोरदार की गोदभराई की रस्म भी की गई मनप्रीत कौर ने उपस्थित बच्चों के माता-पिता को साफ सफाई और स्वच्छता के बारे में भी विभिन्न जानकारियां प्रदान करते हुए जागरूक होने का आह्वान किया। इस मौके पर दिव्या ,कविता, साक्षी, नमिता, कृपा, मलिन ,लक्ष्मी ,पूजा के अलावा बच्चे मौजूद रहे।

# पारम्परिक लोक कलाकारों से मांगे आवेदन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।प्रभारी निदेशक राजकीय संग्रहालय चन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि निदेशक संस्कृति निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा दिनॉक 1 फरवरी को विभिन्न समाचार पत्रों में देहरादून से विज्ञप्ति के माध्यम से अनुसूचित जाति के परम्परागत/पेशेवर कलाकारों को नि:शुल्क वाद्ययंत्र यथा-ढोल, दमाऊ, मसकबीन, रणसिंगा, तुरही, नगाड़ा, ढाल-तलवार आदि प्रदान किये जाने हेतु प्रदेश भर के समस्त जनपदों के पारम्परिक लोक कलाकारों से दिनॉक 20 फरवरी, 2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि आज की तिथि तक कुमाऊ मण्डल के किसी भी जनपद से इस सम्बन्ध में कोई आवेदन पत्र संस्कृति विभाग को प्राप्त नहीं हुए है। उन्होंने बताया कि जनपद के अनुसूचित जाति के परम्परागत/पेशेवर कलाकारों से दिनॉक 20 फरवरी, 2023 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि आवेदक राजकीय संग्रहालय, अल्मोड़ा से प्रारूप प्राप्त कर सकते है।

# परमजीत सिंह ग्रोवर के निधन पर शोक व्यक्त किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा के प्रतिष्ठान पर एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमें नगर के प्रसिद्ध कपड़ा व्यापाी एवं समाजसेवी परमजीत सिंह ग्रोवर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जगदीश छाबड़ा ने कहा कि सरदार परमजीत सिंह एक सच्चे समाजसेवी थे। उनके निधन से नगर व समाज के लिए अपूर्णीय क्षति हुयी है वह अपनी सेवा के लिए पूरी समाज में लोकप्रिय थे। इस अवसर पर नरेश कुमार सेठ, मनोहर लाल मिलगानी, बॉबी टुटेजा, प्रेम ठक्कर, ईशान सेठ, राकेश डुडेजा, महेन्द्र नरूला, नरेन्द्र कुमार गगनेजा, सुरेश मदान, ईशान सेठ, मान सिंह ग्रोवर, राजकुमार सीकरी, गुरूमीत सिंह चुघ, राजीव गगनेजा, अशोक चोपड़ा, अपार सिंह बेदी, विजय मिड्डा, कंवलजीत सिंह बठला आदि उपस्थित थे।

# अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड अनुसूचित आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार ने विकास भवन सभागार में विभागों के अधिकारियों के साथ



बैठक कर अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में एससीपी (स्पेशल कंपोनेंट प्लान) का ध्यान रखा जाए तथा इसके अनुरूप अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति के लिए संचालित सभी सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। इस दौरान उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेटस्कूलों में गरीब तबके के बच्चों को नियमानुसार स्थान मिले। उन्होंने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्पीड़न के मामलों को लेकर भी समीक्षा की तथा कहा कि सामाजिक सौहार्द को बनाने रखने के लिए पर्याप्त कदम उठाएं जाएं।उन्होंने आउट सोर्स के माध्यम से कार्मिकों की तैनाती में शासन द्वारा दिए गए आदेशों का पालन करते हुए आरक्षण के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए।कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि औद्यानिकी तथा कृषि में बेहतर कार्य करने से पलायन की समस्या का समाधान हो सकता है। इस दौरान उन्होंने अनुसूचित जातियों केकल्याण हेतु योजनाओं के संबंध मेंअधिकारियों से सुझाव भी प्राप्त किए। बैठक में मुख्यविकासअधिकारी अंशुल सिंह, जिला विकास अधिकारी केएन तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# राज्य निर्माण आंदोलनकारी तीन दिन तक जलायेंगे सरकार के पुतले : धीरेंद्र प्रताप

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन कारियों के सबसे बड़े संगठन चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक और उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने ऐलान किया है कि आगामी 3 दिनों 15,16 ,17 फरवरी को राज्य निर्माण आंदोलन कारी पूरे उत्तराखंड में राज्य के बेरोजगारों के दमन के विरुद्ध धामी सरकार के पुतले जलाएंगे। धीरेंद्र प्रताप ने कहा जिस तरह से बेरोजगारों का दमन और उन पर निर्मम लाठीचार्ज और मुकदमे दर्ज किए गए हैं, सारे राज्य के आंदोलनकारी क्षुब्ध है और राज्य सरकार की तानाशाही और दमनकारी नीतियों का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा राजनीतिक दल जिनमें कांग्रेस शामिल है बड़े पैमाने पर इसका विरोध कर रही है परंतु उन्होंने इस मामले में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के नेताओं पीसी तिवारी और प्रभात ध्यानी से बात की है और राज्य आंदोलनकारी मंच उत्तराखंड क्रांति दल वामपंथी दलों का भी विरोध सरकार के बेरोजगार विरोधी रवैया के विरुद्ध सामने आया है उन्होंने तमाम विपक्षी दलों से इस मामले में एकीकृत नीति बनाए जाने और इस सरकार को सबक सिखाने के लिए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में पांचों लोकसभा प्रत्याशी विपक्ष के जिताए जाने की आग्रह करते हुए तमाम विपक्षी दलों से बेरोजगारों के पक्ष में एक साथ सड़कों पर आने का आह्वान किया है। राज्य आंदोलनकारियों की ओर से बोलते हुए उन्होंने कहा आप खामोश रहने का वक्त नहीं रह गया जो सपना उत्तराखंड को बनाने का देखा था भाजपा ने उसे नेस्तनाबूद कर दिया है हमारी जवानी सड़कों पर है और उसका खून भाजपा के लोग बहाने पर लगे हैं। इस वक्त चुप रहना शहीदों के सपनों के साथ धोखा देना होगा। उन्होंने तमाम उन्होंने आंदोलनकारियों से अगले 3 दिनों तक लगातार धामी सरकार के पुतले फूंकने का आह्वान किया और इस सरकार के बर्बर शासन का विरोध दर्ज करने का आह्वान किया है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरि कृष्ण भट्ट केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गणों सरिता नेगी अनिल जोशी डॉ विजेंद्र पोखरियाल अभियान समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह रावत महिला शाखा की अध्यक्ष सावित्री नेगी केंद्रीय संयोजक मनीष नागपाल और मीडिया विभाग के अध्यक्ष नवीन जोशी ने भी धानी सरकार के दमन की निंदा की है और सरकार के तानाशाही कदमों का विरोध करने हेतु राज्य भर के आंदोलनकारियों के पुतले जलाने के फैसले का समर्थन किया है।

# सात कुंतल गौमांस के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। गौमांश का धंधा करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से करीब 7 कुंतल प्रतिबंधित गौ मांस भी



बरामद किया। गदरपुर थाने में परिक्षेत्रीय गौमांस स्क्वाड किच्छा नगर प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल के निर्देशन में परिक्षेत्रीय गौमांस स्क्वाड किच्छा नगर प्रभारी निरिक्षक के नेतृत्व तथा थानाध्यक्ष गदरपुर व पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा ग्राम रामजीवनपुर नंबर 2 की सूचना पर अभियुक्त मौबिन पुत्र शब्बीर अहमद निवासी रामजीवनपुर नंबर 2, असगर अली पुत्र गुलाम नबी निवासी उपरोक्त के घर व दुकान से चार गौवंशीय पशुओं का प्रतिबंधित गौमांस करीब 07 कुंतल तथा 17 टीन गली हुई चर्बी,दो डी फ्रिज तथा गौकशी के उपकरण दो,चापड़,एक कुल्हाड़ी, दो छुरी,एक सूजा,एक इलैक्ट्रानिक डिजिटल तराजू तथा एक लकड़ी के गुटके के साथ अभियुक्त असगर अली पुत्र गुलाम नबी निवासी रामजीवनपुर नंबर 02 को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त मौबीन पुत्र शब्बीर निवासी उपरोक्त मौके से ही फरार हो गया। पुलिस ने बरामगदी के आधार उक्त के खिलाफ गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया स अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी ली जा रही है। टीम में निरीक्षक शांति कुमार गंगवार (प्रभारी गौवंश संरक्षण स्क्वाड किच्छा),उननिरिक्षक प्रवीण सिंह,है0कानि कुलदीप सिंह आर्या, है0कानि कुन्दन खन्ना,कानि0 दीप कुमार ,संजय कुमार,जीवन कुमार , राजकुमार, उपनिरीक्षक चन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र,नारायण रावल, संजीव कुमार आदि शामिल थे।

# घोड़ाहसन चादर गैंग का ईनामी शातिर बदमाश बरेली से दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने नैनीताल मार्ग स्थित वनप्लस शोरूम में ताला तोड़कर एक करोड़ से अधिक के मोबाइल चोरी के मामले में घोड़ासहन चादर गैंग का 2500 रुपए के एक और इनामी बदमाश को बरेली से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी रोशन कुमार जसवाल उर्फ संतोष पुत्र पुनीत प्रसाद अग्रवाल उर्फ गौरी जयसवाल निवासी पोस्ट घोड़ासहन पूर्वी चंपारण बिहार का निवासी है। इस आशय की जानकारी देते एसएसपी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी घोड़ासहन गैंग का सदस्य है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर हल्द्वानी में नैनीताल रोड स्थित वनप्लस मोबाइल शोरूम का ताला तोड़कर करीब डेढ़ करोड़ रूपए मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पूर्व में गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार हो चुके हैं। जिसमें एक सदस्य की मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि घोड़ासहन चादर गैंग बिहार के पश्चिमी चंपारण के घोड़ासहन गांव का है जो महानगरों में मोबाइल, घड़ी, और बेशकीमती इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का ताला तोड़कर घटना को अंजाम देता है। गैंग के सदस्य घटना के दौरान चादर का सहारा लेकर शोरूम के शटर के दरवाजे को तोड़ते हैं जिसके बाद गैंग के सदस्य शोरूम के अंदर घुस कर कुछ मिनटों में ही शोरूम को खाली कर फरार हो जाते हैं। बताया जाता है कि चादर गैंग के सदस्य देश के कई राज्यों में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद नेपाल में उक्त मोबाइल सहित अन्य सामान को बेचने का काम करते हैं। गैंग का नेटवर्क दिल्ली के अलावा नेपाल तक फैला हुआ। गौरतलब है कि 9 सितंबर 2022 की रात नैनीताल रोड में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने वनप्लस मोबाइल शोरूम में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाई थी। पुलिस की जांच में सीसीटीवी कैमरे में साफ देखा गया था कि गैंग के सदस्य चादर के सहारे शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत के मोबाइल चोरी कर ले गए थे। अलीगढ़ निवासी शोरूम स्वामी विष्णु खंडेलवाल ने हल्द्वानी कोतवाली में चोरी का मामला दर्ज कराया था। जहां पुलिस ने गैंग के एक और ईनामी सदस्य को गिरफ्तार किया है।



# सट्टेबाज समेत दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम पुलिस द्वारा दो अलग अलग मामलों में खाईबाडी करते एक सट्टेबाज को तथा अवैध चाकू के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान जुआ सट्टा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये एक सट्टेबाज अयूब अली पुत्र हुसैन अली निवासी बद्रीपुरा



थाना काठगोदाम को बोली लगाकर सट्टा खिलवाते हुये गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता तथा नगदी 1350 रुपए बरामद हुई। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर अयूब के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं काठगोदाम पुलिस टीम द्वारा एक अन्य स्थान पर राजकुमार पुत्र स्व. सुखलाल निवासी गौजाजाली उत्तर हल्द्वानी मूल निवासी ग्राम चल्थरा पोस्ट कासमपुर कटरा थाना हथगांव जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम में कानि. कारज सिंह, प्रमोद कुमार, करतार सिंह व गोबिन्द राम शामिल थे।

# पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं एंटी करप्शन फोर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कालाढूंगी चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर पुलवामा हमले में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिवम ठाकुर ने बताया कि विगत 4 साल पहले हुए जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षाकर्मियों सीआरपीएफ के वाहनों में आतंकियों द्वारा आत्मघाती हमला किया गया था। जिसमें 40 से अधिक हमारे जवान शहीद हुए थे। इस दिवस को पूरे भारतवर्ष



में बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत माता को अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन करते हैं। श्रंद्धाजलि देने वालों में शारिफ खान, दौलत सिंह सैनी, एमके शर्मा,दिनेश कुमार लांबा, लक्ष्मीनारायण, आदित्य गुप्ता, लीलाधर आर्य, प्रकाश आर्य, सलीम अहमद, किशोर जोशी, जावेद खान, शशि गुप्ता, पृथ्वी पाल रावत, बालम बिष्ट, दीपक भट्ट, हरीश तिवारी, समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थानाध्यक्ष थाना गदरपुर के नेतृत्व में थाना गदरपुर पुलिस टीम द्वारा 13फरवरी को सकैनिया मोड आम के बाग के पास चौकिंग के दौरान मोटर साईकिल रजि0 नम्बर यूपी22एई0926 से चरस की तस्करी कर रहे दो अभियुक्तगणों असद



पुत्र रहीस दुल्ला खाँ निवासी मिलक नगरी थाना टाण्डा जिला रामपुर तथा करन एस/ओ चरन सिंह निवासी कंगनगढी थाना मिलक खानम जिला रामपुर के कब्जे से 478 ग्राम नाजायज चरस बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर धारा 8/20/60 एनडीपीएस एकट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अभियुक्तों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक महेश चन्द्र, कानि0 संजीव कुमार, कानि0 विमल टम्टा शमिल थे ।

# मनवा होजा दीवाना रे, श्री बालाजी के चरणो में

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार, श्रीबालाजी मंदिर, दिनेशपुर में भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से सजाया गया।




जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनीहाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार में सभी भक्तो ने शारीरिक दूरी का पालन किया एवं मास्क का भी पूर्ण प्रयोगकिया गया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्रीहनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूलमालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबकोमंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में सचिन मुरली ने बोलो बजरंग बाला जपु तेरी माला, शिव कुमार ने रखवाला प्रतिपाला मेरा मेरा लाल लँगोटेवाला, पंडित दिनेश पाठक ने ये माँ अंजनी का लाला, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, बिट्टू अरोरा ने श्री राम जानकी बैठे हैमेरे सीने में, अजय जायसवाल ने श्री राम प्रभु विपदा आई कौन बना रखवाला मेरे बजरंग बाला, हरि चरण सिंह ने आ जाओ घाटे वालेतेरा लाल है पुकारे, रोहन भटनागर ने कीर्तन की है रात बाबा आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा कापच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवंबाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजयचिलाना, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खरैत कुमार, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, सुरेशमित्तल, सचिन मुरली, अमन श्रीवास्तव, माधव खुराना, राजू सैनी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# टेनिस बॉल राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। तमिलनाडु में आगामी 17 से 19 फरवरी को होने जा रही टेनिस बॉल राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए उत्तराखंड की टीम को मेयर रामपाल सिंह और भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या ने फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए विदा किया और उन्हें विजयी होने की शुभकामनाएं दी। अंडर 14 टेनिस बॉल क्रिकेट राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडु के सोलंगूर शहर में 17 दे 19 फरवरी को प्रस्तावित है। जिसमें उत्तराखंड के -अध्यांश , अमृत सिंह, अभिजोत ,अभिकरण, सूर्यांश , प्रभजोत , सोहित, हर्षवर्धन, वैभव, अनमोल , सानिध्य, एकांश, समृद्ध , जतिन, कुणाल, सौरव, सर्वाज आदि खिलाड़ी भाग ले रहे है।उत्तराखंड की टीम का प्रतिनिधित्व कोच राजेश चौहान और टीम मैनेजर विक्रांत करेंगे।प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत से 30 टीमें प्रतिभाग करेंगी। यह खेल टेनिस की बॉल से खेला जाता है जिसमें 9 खिलाड़ी खेलते हैं और 6 ओवर का यह मैच होता है जिसमें छक्का मारना आउट होता है 30 मीटर की इसकी बाउंड्री होती है ।महेंद्र सिंह धोनी ऋषभ पंत एवं कई अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने टेनिस बॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया हुआ है । यह खेल भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खेलों की सूची में शामिल है इस खेल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में छूट एवं खेल कोटा मिलता है।मेयर रामपाल सिंह ने खिलाड़ियों को फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए विदा किया एवं विजयी होने की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, सोनू अनेजा, राजकुमार कोली, गिरीश पाल, नंदलाल शर्मा, विपिन कोली आदि लोग उपस्थित रहे।



ANANT GRAPHICS
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक–श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


## गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त कांवरियों का हो रहा स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गौ लोक धाम सेवा समिति द्वारा हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिव भक्त कांवरियों का हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम दानपुर में मुख्य मार्ग पर दिन रात्रि ढोल मंजीरे की मधुर आवाज व भगवान शंकर की जयघोषों के साथ निरंतर स्वागत किया जा रहा है। कांवरियों के लिए विश्राम करने की व्यवस्थाओं के साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया है। गत दिवस स्वागत कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखंड भाजपा सह प्रभारी, सांसद व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा द्वारा आयोजन स्थल पर श्री शिव पार्वती एवं श्री बालाजी महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सांसद रेखा वर्मा ने कहा यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें शिवभक्त कांवरियों का स्वागत करने का अविस्मरणीय अवसर मिला। उन्होंने कार्यक्रम आयोजक रवि बठला के साथ ही उनके परिजनों व सेवा कार्य में जुटे सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए सभी पर भगवान शिव का आर्शीवाद प्राप्त होने



की कामना की। भंडारे के आयोजक रवि बठला द्वारा बताया गया कि पिछले 12 वर्षों से वह भोले बाबा के आशीर्वाद से यह कार्य कांवरियों के लिए सेवा भाव से करते हैं। उन्होंने कहा यह भंडारा आगामी 17 फरवरी तक अनवरत ऐसे ही चलता रहेगा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिव भक्त कांवरियों के साथ ही अन्य लोगों के लिए 24 घंटे विश्राम, जलपान और भोजन की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कहा यह पुण्य काम उसी को मिलता है जिस पर भगवान शिव की कृपा हो। उन्होंने कहा रुद्रपुर तो शिव की नगरी है यहां पर समय–समय पर विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन होता रहता है। स्वागत स्थल पर रूद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर, चंपावत, बहेड़ी, बरेली, बिलासपुर, रामपुर, नगला, हल्द्वानी आदि क्षेत्रों के शिवभक्तों के आने का क्रम दिन रात्रि निरंतर जारी है। इस अवसर पर राजकुमार परुथी, रवि मनचंदा, कुणाल पुजारा, बलवीर सिंह, दीपक राणा, अमित गौड़, सुमन बठला, अजय चावला, संदीप भटनागर, नरेश शर्मा, राजकुमार श्रीधर, चंद्रकांत अरोड़ा, दिनेश कपूर, प्रवेश साहनी, करण गुलाटी, हरेंद्र बिष्ट मनदीप वर्मा सहित कई श्रद्धालु शिवभक्त कांवरियों की सेवा में निरंतर जुटे हुए हैं।

## स्थानांतरण पर डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा को दी विदाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में निवर्तमान सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा को स्थानांतरण पर विदाई दी। राज्यपाल ने डॉ. सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनके सफल कार्यकाल की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. सिन्हा के कार्यकाल के दौरान राजभवन द्वारा कई महत्वपूर्ण आयोजनों का सफल संपादन व अनेक अभिनव पहल प्रारंभ की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाती एस. भदौरिया, एडीसी रचिता जुयाल, वित्त नियंत्रक डॉ.तृप्ति श्रीवास्तव, उप सचिव एन के पोखरियाल, कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, अनु सचिव जी.डी.नौटियाल सहित राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



## प्रसाद योजना से होगा बागनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण

### समाज कल्याण मंत्री ने की जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा

बागेश्वर(उद संवाददाता)।समाज कल्याण मंत्री चंदन राम दास ने जिला योजना की वर्चुअल समीक्षा की। मार्च से पूर्व कार्यों में प्रगति लाकर शत– प्रतिशत धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। दास ने बताया कि प्रसाद योजना के तहत बागनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्यक्रम होगा। इसके लिए 49 करोड़ की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। डीपीआर तैयार कराने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री दासे सड़क वन भूमि प्रस्तावों व लंबित मुआवजे प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करने को कहा। बागेश्वर व गरुड़ के ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। उन्होंने



कहा कि गर्मी का सीजन आने वाला है इसलिए पेयजल योजनाओं व पेयजल लाइनों के मरम्मत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें। उन्होंने प्रसाद योजना के अंतर्गत नुमाईशखेत रामलीला भवन, गोमतीपुल से शवदाह स्थल तक पैदल मार्ग व बागनाथ की ओर जाने वाले पैदल मार्ग का चौड़ीकरण भी डीपीआर में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोट वैली योजना में त्वरित कार्य करने, उद्यान अधिकारी को कीवी, सेब, बेमोसमी सब्जी के साथ ही मसरूम उत्पादन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जिला योजना परिव्यय 43.75 करोड़ के सापेक्ष विभागों द्वारा 30.50 करोड़ व्यय कर दिया गया है जो योजना का लगभग 70 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि जिला योजना की तीसरी किश्त जनवरी अंत में जारी की गयी थी इसलिए कई विभागों के कार्य पूर्ण हो चुके है मगर भुगतान हेतु बिल लंबित हैं।



## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल और मुख्यमंत्री के मध्य उत्तराखण्ड की विकास योजनाओं के अलावा विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# वाहन चालकों की अराजकता

सड़कों पर अलग-अलग वजहों से हादसे और इनमें नाहक ही लोगों की जान जाने की घटनाएं आम रही हैं। इस पर चिंता जताने से लेकर यातायात व्यवस्था में सुधार के उपाय किए जाते रहे हैं। लेकिन एक विचित्र प्रवृत्ति यह देखी जा रही है कि कोई व्यक्ति जानबूझ कर न केवल नियम-कायदों को धता बता कर वाहन चलाता है, बल्कि जांच या किसी अन्य वजह से रोके जाने पर आपराधिक तरीके से अराजक हो जाता है और किसी व्यक्ति या वाहन को जानलेवा तरीके से टक्कर मारने या काफी दूर तक घसीटने तक की हरकत कर बैठता है। गौरतलब है कि दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में शनिवार को कार चलाते हुए एक युवक ने नियम के मुताबिक सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। जब एक यातायात पुलिसकर्मी ने उसे वाहन रोकने का संकेत किया तो उसने उसे टक्कर मार दी। यही नहीं, पुलिसकर्मी किसी तरह बचने के लिए कार की बोनट पर लटक गया तो युवक उसे अपनी कार से लगभग पांच सौ मीटर तक घसीटता चला गया। किसी तरह उस कार को रोका गया और पुलिसकर्मी का जान बच सकी। यह समझना मुश्किल है कि कोई आम आदमी भी ऐसी हरकतें क्यों कर बैठता है जो कानूनन गलत और अपराध हैं। दरअसल, इस घटना में कई ऐसे पहलू हैं, जो इसे किसी हादसे या अचानक प्रतिक्रिया से अलग करते हैं। कार या कोई निजी वाहन रखने के साथ उसे चलाने से संबंधित सभी नियम-कायदों की जानकारी रखना और उस पर अमल करना एक सहज सलीका होना चाहिए। यह न सिर्फ यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए, बल्कि खुद वाहन में सवार सभी लोगों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। मसलन कार में सीट बेल्ट पहनना इसलिए जरूरी है, ताकि दुर्घटना या अन्य स्थितियों में वाहन में मौजूद लोगों को होने वाले नुकसान की आशंका को कम किया जा सके। लेकिन हैरानी यह है कि दिल्ली की ताजा घटना में इस नियम को ताक पर रख कर वाहन चला रहे व्यक्ति ने इसके लिए रोकने वाले पुलिसकर्मी को जानलेवा तरीके से घसीटा। यह अपने आप में सड़क पर नियम-कायदों के मुताबिक वाहन चलाने के बजाय कुछ चालकों के भीतर बढ़ती अराजकता और आपराधिक प्रवृत्ति का संकेत है। विडंबना यह है कि ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिसमें वाहन में बैठा कोई व्यक्ति इस बात की फिक्र करना जरूरी नहीं समझता कि उसकी ऐसी अराजकता से किसकी जान जा रही है। वाहन की जांच या नियमों के उल्लंघन पर रोकने की कोशिश करने वाले पुलिसकर्मियों को भी घसीटने के कई मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा, कुछ समय पहले दिल्ली में एक युवती को करीब बारह किलोमीटर तक घसीटने से हुई मौत की बेहद अफसोसनाक घटना सामने आई थी। रविवार को मेरठ-दिल्ली मार्ग पर एक कंटेनर चालक ने बेहद मामूली बात पर जानबूझ कर एक कार को टक्कर मारी और उसे पांच सौ मीटर तक घसीटता गया। यह वक्त के साथ ज्यादा संसाधनों और सुविधाओं से लैस होते समाज की हकीकत है, जिसमें कुछ लोग कानून और नियमों का पालन करने के बजाय रुतबे के वहम में अराजक हो जाने में अपनी शान समझते हैं। ऐसे लोगों का बेलगाम बर्ताव कई बार न केवल दूसरों के लिए घातक या जानलेवा होता है, बल्कि इससे खुद उनकी जान भी जा सकती है। नियम-कायदों का पालन एक जिम्मेदार नागरिक होने की पहचान है और इसके प्रति लापरवाही एक झटके में या तो किसी की जान ले लेता है या फिर वाहन चालक को अपराध के कठघरे में खड़ा कर देता है।

# बाराती बनकर जेवर भरा पर्स चुराने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

रुद्रपुर। आवास विकास स्थित गेस्ट हाउस में बरात के बीच से नकदी व जेवर भरा पर्स चुराने वाले दो युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी बराती बनकर गेस्ट हाउस में पहुंचे थे। उन्होंने बरात में नाचने और खाने के बाद कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। नशा करने के लिए दोनों युवकों ने चोरी की योजना बनाकर उसे अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी हुआ पूरा जेवर बरामद कर लिया है जबकि आधे से अधिक नकदी चोरों ने नशा करने में खर्च कर दी। आठ फरवरी को सुनारी नौला अल्मोड़ा निवासी दिनेश चंद्र पंत के बेटे की बरात शहर के आवास विकास स्थित एक गेस्ट हाउस में आई थी। बरात चढ़ने के दौरान ही दिनेश के हाथ में टंगा पर्स चोरी हो गया। पर्स में दुल्हन की नथ, मांग टीका, मंगलसूत्र, पायल, बिछवा के अलावा 19,000 की नकदी थी। आवास विकास पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी खंगाले और लोगों से पूछताछ की। इसके बाद रविवार को मोदी मैदान के पास से खेड़ा निवासी पंकज पाल व लालपुर किच्छा निवासी शाहबाज उर्फ चाईनीज को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करने की बात कबूली। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने सारा जेवर और 2,150 रुपये की नकदी बरामद की। एसपी क्राइम चंद्रशेखर आर घोड़के ने बताया कि आरोपी शाहबाज इससे पहले भी कई बार लोगों की जेब काट चुका है, लेकिन पहले कभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा था। पुलिस ने दोनों को कोर्ट के समक्ष पेश किया है। न्यायालय ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# पटाल बाजार को संरक्षित करने के लिए दिये दिशा निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। ऐतिहासिक पटाल बाजार को मूल रूप में संरक्षित किए जाने के लिए शासन को प्रेषित प्रस्ताव के विषय में शासन ने विस्तृत आख्या तथा चरणबद्ध कार्य योजना मांगी गई है। इस संबंध में विभिन्न कार्यों को लेकर जिलाधिकारी वंदना ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस संबंध में उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका अल्मोड़ा को निर्देश दिए कि पटाल बाजार के अंतर्गत होने वाले कार्यों जैसे रंग रोगन, साज सज्जा, कलर कोडिंग, फसाड़ आदि के बारे में नियम और शर्तें तैयार करे कि स्थानीय निवासियों तथा दुकानदारों द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरांत उसके रख रखाव एवं कोई अन्य परिवर्तन जिला प्रशासन/नगरपालिका की अनुमति के बिना न किया जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्य दो चरणों में किए जाने है। प्रथम चरण में बिजली के तार, टेलीफोन के तार, पानी की लाइन जैसी यूटिलिटी को भूमिगत किया जाना है तथा दूसरे चरण में बाजार के सौंदर्य व पटाल बिछाने का कार्य किए जाएंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी ने यूपीसीएल तथा जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमिगत होने वाली यूटिलिटी की ड्राइंग तैयार करें। इस कार्य को उन्होंने विषय विशेषज्ञों के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी सौंपे गए कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि शासन के निर्देशानुसार कार्य योजना भेजी जा सके। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका अल्मोड़ा भरत त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पति और पत्नी दोनों को मिलेगा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ : दास

## समाज कल्याण मंत्री चंदन रामदास ने मदरसों की जांच के लिए तीन सदस्यीय विभागीय कमेटी बनायी

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अब पति और पत्नी दोनों को लाभ मिलेगा। समाज कल्याण मंत्री के मुताबिक



मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद यह निर्णय लिया गया था। विभाग को इसके लिए 80 हजार नए आवेदन मिले हैं। सरकार इसी महीने इसकी पहली किस्त जारी कर देगी। समाज कल्याण मंत्री ने कहा सरकार हर जिले में वृद्धावस्था, दिव्यांगजन एवं छात्रवृत्ति रजिस्ट्रेशन कैंप लगाएगी। वित्त निगम के ऋण शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। दिव्यांगजनों के लिए सरकारी नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में आयोगों को लिखा गया है। वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व जरूरी उपकरण बांटे जा रहे हैं। मंत्री ने कहा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को वित्त निगम के तहत 22 करोड़ का कर्ज दिया गया है जिसकी वसूली नहीं हो पा रही है। अब वन टाइम सेटलमेंट के तहत ब्याज माफ किया जा सकता है। इसके अलावा एससी, एसटी समुदाय के युवाओं के लिए सात कोचिंग सेंटरों को तैयार किया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव नियोजन एल. फैनई आदि मौजूद रहे। मंत्री चंदन राम दास ने कहा वक्फ बोर्ड की संपत्ति की सरकार जीआईएस मैपिंग करा रही है। बोर्ड की संपत्ति को चिन्हित कर उसमें बाउंड्री वाल की जाएगी। अवैध कब्जों को हटाने के लिए बुलडोजर भी चलेगा। उत्तराखंड में चल रहे मदरसों की जांच के लिए समाज कल्याण मंत्री चंदन रामदास ने तीन सदस्यीय विभागीय कमेटी बना दी है। कमेटी एक महीने में सरकार को रिपोर्ट देगी। इससे पहले जिलाधिकारियों को जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन किसी भी जिले से रिपोर्ट नहीं मिली। समाज कल्याण मंत्री ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। समाज कल्याण मंत्री ने कहा नियमों को ताक पर रखकर चल रहे मदरसों को बंद किया जाएगा। जबकि शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त कक्षा एक से आठवीं तक के मदरसों को हाईटेक किया जाएगा। प्रदेश में 419 में से 192 मदरसों को सरकारी मदद मिल रही है। जांच कमेटी देखेगी कि सरकारी मदद का सदुपयोग हो रहा है या नहीं। शिक्षकों का वेतन प्रबंधन के खाते में भेजा जाता है। शिकायतें मिल रही हैं कि प्रबंधन कई दिन तक वेतन रोके रखते हैं। कमेटी इन शिकायतों की सत्यता भी जांचेगी। इन मदरसों को कंप्यूटर, ड्रेस और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

# पुराने वाहनों पर प्रतिबंध से आम तबका वाहन सुख से होगा वंचित

आज हमारे देश ही नहीं ,दुनियाभर में बढ़ती जनसंख्या के चलते कहीं कम व कहीं ज्यादा प्रदूषण की समस्या आ रही है जिसके लिए हर देश की सरकार अपने अपने अनुसार कार्य कर रही हैं। जहां तक सवाल हमारे देश का है ,हम भी इस विकट समस्या से बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं ।साल के



कुछ माह तो ऐसे भी आते हैं कि घनी अबादी वाले मेट्रो सिटी में तो लोगों को सांस तक लेने में परेशानियां हो जाती है जिससे भंयकर बीमारियों से जूझना पड़ता है जो देश व सरकार के लिए चिंता का सबब बनता जा रहा है। आज इससे निजात पाने के लिए सब जनमानस चिन्तित है पर अपने स्तर से सहयोग के नाम पर धरातल खाली है ।सभी इसके लिए सरकारों को दोषी मानते है ।न्यायपालिका के सख्त निर्देश के बावजूद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल पाई है । वर्तमान में हमारे देश के कई राज्य सरकारों ने इस पर अंकुश लगाने के लिए देश में अनियंत्रित वाहनों की कटौती कर इस पर नियंत्रण का मन बनाया है। जिसके तहत सभी पंद्रह साल पुराने वाहनों को प्रतिबिंधित करने की बात कही जा रही है ।जिससे आज अधिकांश जनमानस चिन्तित है क्योंकि यह कहीं से कहीं तक तर्क संगत नजर नहीं आता। हमारे देश के पचास प्रतिशत नागरिक मात्र तेरह प्रतिशत संपदा के मालिक है। सरकार चाहती है कि देश का हर नागरिक उड्डयन का स्तेमाल कर यात्रा करे, फिर वह वाहनो से वंचित क्यों। आज हमारे देश का गरीब अपने सामर्थ्य अनुसार सस्ते दो पहिया,चार पहिया वाहन खरीदकर अपने परिवार को कभी कभार घुमाने ले जाता है या जरूरी काम काज निपटा लेता है ,क्योंकि रोजाना चलाना वैसे भी उसकी आर्थिक क्षमता से परे है ।वह नियमानुसार उसका प्रदूषण चेक भी कराता है। हमारे कई वरिष्ठ व रिटायर नागरिक अपनी भविष्य की जरूरत के अनुसार चार पहिया वाहन रखते हैं जिनका कभी-कभार इस्तेमाल सालभर में पांच सौ किमी भी नहीं होता,किसान आज भी दस साल का ट्रैक्टर लोन लेने के बाद डिफाल्टर है ,क्या उससे वसूली सरकार कर पायेगी। देश भर में बेरोजगारों की भारी जमात अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए पुराने वाहन किराये पर चलाते है, ट्रांसपोर्टर की दुर्दशा के चलते हल्के ,मध्यम व भारी वाहन आज अर्थ संकट से पहले ही जूझ रहे हैं। क्या सरकार के पास इनकी वैकल्पिक व्यवस्था का कोई रोडमैप है। क्या इनको परिचलन से बाहर कर प्रदूषण से निजात मिल जायेगी। शायद बिल्कुल नहीं ,क्योंकि हमारे देश में विद्युत आपूर्ति एक विकट समस्या है जिसके चलते जनरेटर चलाना एक मजबूरी है। खेतों में ट्रैक्टर व अन्य फ्यूल युक्त वाहन काम करते हैं जिससे प्रदूषण स्वभाविक है ,शहरों में रोजमर्रा का सामान पहुंचाना एक मजबूरी है जिसके लिए भारी वाहनों तक का इस्तेमाल मजबूरी है ।क्या इनपर प्रतिबंध संभव है ।देश की सरकार इन बेरोजगार लोगों को कोई वैकल्पिक रोजगार दे पायेगी ,क्या बैंक इन सभी को वित्त पोषित कर पायेंगे। इन सब बातों के जबाव के लिए सभी आज टकटकी लगाये हैं ।आज हमारी सरकार का दायित्व बनता है कि वह सोलर एनर्जी व विद्युत वाहनों के विकल्प को प्रोत्साहन दें व अनुदान देकर इस प्रदूषण को कम करने का प्रयास करें ,यह वर्तमान में धनी व मध्यम वर्ग के लोगों तक ही सीमित हो पायेगा । आज बहुत लोगो में यह धारणा बनती जा रही है कि सरकारों की यह वाहनों की जबरदस्ती छंटनी की प्रक्रिया के पीछे क्या कोई ऑटोमोबाइल निर्माताओं से सांठ गांठ तो नहीं है। आज जरूरत है कि सरकार को किसी भी निर्णय लेने से पहले हर वर्ग के हित को साधना होगा ,कहीं किसी छोटी सी गलती से जनमानस सडको पर आने को मजबूर न हो जायें । अगर सरकार की मंशा वास्तविक रूप से पर्यावरण संरक्षण की है तो हर नयी पुरानी बड़ी गाडियों पर कार्बन व फ्यूल टैक्स हर साल के लिए लगा देना चाहिए जिससे इनकी नयी गाड़ियों की खरीद पर कमी आ सकती है। हर परिवार की गाड़ी रखने की सीमा भी निर्धारित की जा सकती है, अधिक पाये जाने पर टैक्स का प्रावधान जरूरी होना चाहिए जो समाजिक चेतना के लिए जरूरी है। हम अभी विकसित देश की परिधि से कोसो दूर है जिसके चलते हमे हर संभावित विकल्प पर विचार विमर्श जरूर करना होगा।

**मनमोहन सिंह, समाजसेवी रुद्रपुर।**

# सोशल मीडिया के माध्यम से 10 पत्थरबाजों की पहचान

देहरादून। पुलिस का दावा है कि बेरोजगारों के आंदोलन के दौरान उपद्रव करने वालों को फंडिंग भी की गई थी। प्राथमिक जांच के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है। जिसका यह खाता है वह दूसरे राज्य का रहने वाला है। जबकि, फोटो और वीडियो के आधार पर 10 पत्थरबाजों को चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार जल्द ही इनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी। बता दें कि नौ फरवरी को बेरोजगारों के आंदोलन में हुए उपद्रव के मुकदमे के बाद कई दिशाओं में जांच चल रही है। पुलिस के अनुसार आंदोलन में कुछ बाहरी तत्व शामिल हो गए थे। इन्होंने ही कुछ युवाओं को बहकाया और फिर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से रिकॉर्ड की गई वीडियो से पुलिस ने कुछ संदिग्धों के फोटो बनवाए हैं। पुलिस कप्तान डीआईजी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि इन फोटो का पोस्टर बनवाकर शहर की गलियों में चिपकाए जाएंगे। ताकि, जल्द से जल्द पत्थर फेंकने वालों की पहचान हो सके। अभी तक सोशल मीडिया के माध्यम से 10 पत्थरबाजों की पहचान पुलिस ने कर ली है। कप्तान ने बताया कि इस मामले में बात सामने आ रही है कि उपद्रवियों को फंडिंग भी की गई है। वर्तमान में भी उन्हें फंडिंग की जा रही है। ऐसे में पुलिस की एक टीम इस दिशा में भी जांच कर रही है। इसी क्रम में एक बैंक खाता नजर में आया था। इस बैंक खाते से कुछ रकम संदिग्ध पत्थरबाजों के खातों में ट्रांसफर की गई। एक साथ कई खातों में यह पैसा ट्रांसफर हुआ है। इस खाते को तत्काल प्रभाव से फ्रीज करा दिया गया है। कप्तान ने बताया कि अन्य खातों की भी जांच की जा रही है। जांच में सामने आया है कि कुछ कोचिंग सेंटर वालों ने अपने सोशल मीडिया ग्रुप पर मैसेज कर युवाओं की भीड़ को गांधी पार्क के सामने आने को कहा था। इन सब सोशल मीडिया ग्रुप और नंबरों की जांच भी की जा रही है। कई को चिन्हित भी किया जा रहा है।

# तुर्किये में भूकंप से दबे विजय का शव उत्तराखंड पहुंचा

कोटद्वार। तुर्किये की भूकंप त्रासदी से मारे गए उत्तराखंड के कोटद्वार निवासी युवक विजय गौड़ का शव सोमवार को कोटद्वार लाया गया। जैसे ही शव पदमपुर सुखरो स्थित आवास पर पहुंचा तो परिजन फूटफूट कर रो पड़े और अन्य लोगों की आंखें नम हो गईं। इसके बाद गाड़ीघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। युवक के छह वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ और बड़े भाई अरुण गौड़ ने उन्हें मुखाग्नि दी। मूल रूप से जयहरीखाल ब्लॉक के रहने वाले विजय कुमार गौड़ (36) पुत्र स्व. रमेश चंद्र गौड़ का परिवार वर्तमान में कोटद्वार के पदमपुर सुखरो नेगी चौक पर रहता है। विजय बेंगलूरू की ऑक्सीप्लांट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में नौकरी करते थे और 22 जनवरी को कंपनी के काम से तुर्किये गए थे। वह तुर्किये के 'होटल अवसर' में ठहरे हुए थे लेकिन छह फरवरी की सुबह 4:00 बजे आए भूकंप में उसका होटल भी ध्वस्त हो गया था और मलबे में दबकर उनकी मौत हो गई



थी। तुर्किये में भारतीय दूतावास की ओर से युवक के शव को दिल्ली भेजा गया।यहां विदेश मंत्रालय ने मृतक युवक की कंपनी से संपर्क किया तो कंपनी के कुछ लोग यहां पहुंचे। इसके बाद विजय का शव कंपनी के सदस्यों को सौंप दिया गया। कंपनी की ओर से एंबुलेंस से सोमवार दोपहर बाद 2:00 बजे युवक का शरीर उसके कोटद्वार स्थित पदमपुर सुखरो आवास लाया गया। युवक का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शनों के बाद युवक का अंतिम संस्कार गाड़ीघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर प्रशासन की ओर से तहसीलदार कोटद्वार विकास अवस्थी समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

# खेल प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। एसएस पब्लिक स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय चॉकबॉल दल का प्रतिनिधित्व करने वाले दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिकाध्यक्ष गुलाम गौस एवं थानाध्यक्ष राजेश पांडेय द्वारा राष्ट्रीय चॉकबॉल दल का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षक केवल काम्बोज एवं कुमारी रेखा को सम्मानित किया गया। यह दोनों शिक्षक आगामी 14 जुलाई 2023 से सिंगापुर में होने वाली यूथ चॉकबॉल विश्व कप में भारत की बालक एवं बालिका टीम के कोच के रुप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगें। उत्तराखंड राज्य चॉकबॉल संघ के संरक्षक डीपी सिंह ने केवल काम्बोज एवं कुमारी रेखा को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह अवसर केवल विद्यालय ही नहीं अपितु राज्य के लिए भी एक गौरव का विषय है जो कि खेल भावना को समाज में प्रसारित करता है। यह जानकारी देते हुए राज्य सचिव प्रदीप चौधरी ने बताया कि आगामी 14 जुलाई 2023 से होने वाली यूथ चॉकबॉल कम प्रतियोगिता में विश्व के 28 देशों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे उल्लेखनीय हो कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्ष पश्चात किया जाता है। श्री केवल काम्बोज एवं कु. रेखा को भारतीय टीम कोच के रुप में चयनित हापुड़ में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे किया गया था। भारतीय टीम 20 जून 2023 से दिल्ली में एवं 02 जुलाई 2023 से जालंधर में प्रशिक्षण कैम्प करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज काण्डपाल, सुरेन्द्र प्रसाद, उमेश चौहान, सचिन बजाज, इन्द्रजीत सिंह, प्रोबीर कुमार हालदार, एसपी पाण्डेय, राजकुमार सुखीजा, काजल अरोरा, हिना नेगी आदि उपस्थित थे।



# मेहरोत्रा हीरो शोरूम पर हीरो के नए स्कूटर की लांचिंग

काशीपुर(उद संवाददाता)। रामनगर रोड स्थित मेहरोत्रा हीरो शोरूम पर हीरो के नए स्कूटर जूम को लांच किया गया। इस मौके पर बड़ी तादाद में स्थानीय गणमान्य मौजूद रहे। स्कूटर के बारे में और अधिक जानकारी देते हुए मेहरोत्रा हीरो शोरूम के प्रबंध निदेशक अर्पित मेहरोत्रा ने बताया कि यह स्कूटर बहुत से नए फीचर्स के साथ आया है। उन्होंने बताया कि इसे हीरो जूम को एक्ससेंस टेक्नोलॉजी" के साथ प्रोग्राम किया गया है। इसकी बदौलत स्कूटर की परफॉर्मेंस, टिकाऊपन, सुरक्षा, विश्वसनीयता और ईंधन की बचत में सुधार आता है। ब्लूटुथ कनेक्टिविटी के साथ फुल डिजिटल स्पीडोमीटर के चलते इसमें कॉल (कॉलर आईडी) और एसएमएस अपडेट्स अलर्ट की सुविधा मिलती है। ईंधन के कम होने (आरटीएमआई) और फोन की बैटरी खत्म होने पर यह उपभोक्ताओं को अलर्ट करता है। साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ, बूट लाइट और मोबाइल चार्जर इन फ्रंट ग्लवबॉक्स यूजर की सुरक्षा और आराम के पहलुओं को और बेहतर बनाते हैं। बड़े और चौड़े टायर, डायमंड कट एलॉय व्हील्स, इंटिग्रेटेड रियर ग्रिप स्कूटर के सबसे अलग और असाधारण चरित्र और खूबसूरती प्रदान करते हैं। आगे श्री मेहरोत्रा ने बताया कि यह स्कूटर तीन वैरिएंट्स- शीट ड्रम, कास्ट ड्रम और कास्ट डिस्क में आता है। स्कूटर के तीनों वैरिएंट्स में एलएक्स-शीट ड्रम की शुरुआती कीमत 71,199 रुपये रखी गई है। वीएक्स-कास्ट ड्रम 74,399 रुपये में उपलब्ध है। जेडएक्स-कास्ट ड्रम की कीमत 79,299 रुपये रखी गई है। ये कीमतें एक्स-शोरूम, काशीपुर की है। हीरो ग्ववउ की लॉन्चिंग के अवसर पर श्रीमती बीना मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा, अर्पित मेहरोत्रा, प्रमोद मिश्रा, मनोज मिश्रा, दिनेश नेगी, हाजी जाहिद हुसैन, अमन खरबन्दा, गौरांग चौधरी, कुणाल गिरी, शिवेंद्र प्रताप,विनोद शर्मा, मोहम्मद यामीन, अजीम एवं मीरा अरोरा समेत शोरूम एवं वर्कशॉप के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।



# 1357 गांवों में नियमित पुलिस व्यवस्था शुरू

देहरादून। उत्तराखंड के 1357 गांवों में नियमित पुलिस व्यवस्था शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से छह नए पुलिस थाने व 20 चौकियों का वर्चुअल उद्घाटन किया है। अब इन गांवों में राजस्व पुलिस की व्यवस्था समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास व व्यवस्थाओं में परिवर्तन के साथ राज्य के जिन क्षेत्रों में राजस्व पुलिस की जगह पर नियमित पुलिस की आवश्यकता हो रही है, उनमें चरणबद्ध तरीके से नियमित पुलिस की व्यवस्था की जा रही है। पुलिस व्यवस्था राज्य की कानून व्यवस्था का दर्पण होती है। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को बनाने की पुलिस की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को सुधारने की हमेशा गुंजाइश होती, इस दिशा में उत्तराखंड पुलिस को निरंतर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की यह भी बड़ी जिम्मेदारी है कि समाज के अच्छे लोगों का उन पर विश्वास बढ़े और आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को पुलिस का डर भी हो। पुलिस अधिकारियों को अपने नियमित कार्यों के अलावा जनहित से जुड़े विषयों पर लगातार कार्य करना होगा। 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त राज्य बनाने, स्वच्छता अभियान, सामाजिक सरोकारों के अन्य कार्यों में भी पुलिस को लगातार कार्य करना होगा। इस मौके विधायक शैलारानी रावत, रेनू बिष्ट, सुरेश सिंह चौहान, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार शामिल थे। छह पुलिस थानों के तहत 661 गांव और 20 चौकियों में 696 गांव शामिल हैं। ये क्षेत्र पहले राजस्व पुलिस के अधीन थे। अब इनमें नियमित पुलिस की व्यवस्था शुरू गई है। नये पुलिस थानों के अधीन पौड़ी में थाना यमकेश्वर, टिहरी में थाना छाम, चमोली में थाना घाट, नैनीताल में थाना खनस्यूं एवं अल्मोड़ा में थाना देघाट एवं धौलछीना शामिल हैं। 20 नई चौकियों में देहरादून के लाखामंडल, पौड़ी में बीरोंखाल, टिहरी में गजा, कांडीखाल एवं चमियाला, चमोली में नौटी, नारायणबगड़ व उर्गम, रूद्रप्रयाग में चोपता, दुर्गाधार, उत्तरकाशी में सांकरी एवं धौंतरी, नैनीताल में ओखलकांडा, धनाचूली, हेड़ाखाल, धारी, अल्मोड़ा में मजखाली, जागेश्वर , भौनखाल और चंपावत में बाराकोट शामिल हैं।

# पुलिस ने लगाई जागरूकता पाठशाला

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर थाना प्रभारियों द्वारा स्कूल/कॉलेजों में जागरुकता कार्यक्रम के तहत उपनिरीक्षक सुनील कुमार, प्रभारी चौकी जैंती, थाना लमगड़ा द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज पीपली जैंती में उपस्थित छात्र- छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ को सड़क सुरक्षा के प्रति अल्मोड़ा पुलिस की मुहिम सड़क सुरक्षा सत्याग्रह के बारे में जानकारी देकर अपने अभिभावकों, परिचितों व वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कराने एवं बालिग होने तक वाहन न चलाने की उचित हिदायत दी गयी। चौकी प्रभारी जैंती द्वारा इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर जागरुक करते हुए नशे से दूर रहने व गांव या आसपास के क्षेत्र में नशे से सम्बन्धित सामान बेचने वालों की सूचना पुलिस को देने हेतु बताया गया। छात्र-छात्राओं व विद्यालय स्टॉफ को उत्तराखण्ड पुलिस एप में उपलब्ध सभी सुविधाओं की जानकारी दी गयी तथा छात्राओं व विद्यालय की महिला स्टॉफ को महिला सुरक्षा हेतु गौरा शक्ति फीचर की जानकारी देते हुए गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन करवाया गया और महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानूनों की जानकारी दी गयी। साईबर अपराधों के प्रति जागरुक करते हुए साईबर क्राइम हेल्पलाईन नम्बर 1930, पुलिस सहायता हेतु उत्तराखण्ड पुलिस हेल्पलाईन नम्बर डायल 112, महिला हेल्प लाईन नंबर 1090 के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।



# मैजिक चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत दिवस तीनपानी मोड़ के पास कार व मैजिक वाहन के मध्य हुई टक्कर के मामले में कार स्वामी ने मैजिक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में दिनेश कुमार पुत्र दर्शन सिंह निवासी मेट्रोपोलिस ने कहा है कि 13 फरवरी की सुबह उसका कार डाईवर नन्द गोपाल किच्छा रेलवे स्टेशन लेने आ रहा था। तीनपानी मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रही टाटा मेजिक गाड़ी संख्या यूके 04 टीए 4837 के अज्ञात चालक ने उसकी कार संख्या एचआर 51एएक्स 8599 में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार डिवाईटर में जाकर टकरा गई व ड्राईवर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर वह मौके पर आ गया तथा 108 को फोन करके अपनी कार व मैजिक डाईवर लीलाधर को सरकारी अस्पताल भर्ती करवाया। कार आगे से पूरी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मैजिक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# सात अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल

## पीसीएस अवधेश कुमार सिंह को उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का परीक्षा नियंत्रक बनाया

देहरादून। उत्तराखंड में तीन आईएएस समेत सात अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया गया है। सचिव विद्यालयी एवं तकनीकी शिक्षा रविनाथ रमन को सचिव राज्यपाल बनाया गया है। कार्मिक एवं सतर्कता विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार आईएएस डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा से सचिव राज्यपाल का प्रभार वापस लिया गया है। उनके पास आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बाह्य सहायतित परियोजना निदेशक का पदभार यथावत रहेगा। अपर सचिव कर्मेंद्र सिंह से कार्मिक एवं सतर्कता, समाज कल्याण व आयुक्त निशक्तजन हटा कर उन्हें अपर सचिव पेयजल बनाया गया है। पीसीएस अवधेश कुमार सिंह को नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार पद से हटाकर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर हरिद्वार नूपुर वर्मा को नगर मजिस्ट्रेट का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सचिवालय सेवा के सुरेश चंद्र जोशी से अपर सचिव सामान्य प्रशासन हटा कर समाज कल्याण एवं आयुक्त निशुक्तजन दिया गया है। अपर सचिव प्रोटोकॉल वीरेंद्र पाल को अपर सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन बनाया गया है।

# पेज एक का शेष...

**सड़क में मांस फैंकने...**कांवरियों ने हंगामा करते हुए सड़क को जाम कर दिया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस भी एक्टिव हो गई। तुरंत एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह व सीओ वंदना वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और गुस्साए कांवरियों को मनाने में जुट गये। कांवरियों का कहना था कि किसी ने जानबूझकर यह शरारत की है और माहौल खराब करने की कोशिश की है। कांवरियों ने आरोप लगाया कि पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तो पुलिस उल्टा उनसे ही शराब पीकर कांवर ले जाने की बात कर रही है। कांवरियों की मांग है कि आरोपियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और जिस पुलिसकर्मी ने उन्हे शराबी बोला है, वह माफी मांगे। चेतावनी दी कि वरना प्रदर्शन ऐसे ही चलता रहेगा। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी मामले की जांच की जा रही है। जहां की घटना बताई जा रही है, वहां पर सीसीटीवी लगे हैं हालांकि अभी फुटेज में मांस फेंकने वाली बात सामने नहीं आई है। घटना के बाद जिले भर में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। कांवरियों के रूट पर जगह जगह वाहनों की चेकिंग की जा रही है। रुद्रपुर में भी चैकिंग शुरू हो गई है एसपी सिटी मनोज कत्याल के नेतृत्व में गाबा चौक समेत अन्य जगह चेकिंग की जा रही है । चेकिंग के दौरान सीपीयू निरीक्षक राकेश बिष्ट,एसएसआई कमाल हसन, एसआई महेश कांडपाल, एसआई सीपीयू गोधन सिंह आदि पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। उधर मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए खुफिया विभाग भी अलर्ट हो गया है। वहीं एसएसपी डॉ मंजुनाथ टिसी ने बताया कि अफवाहें फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अफवाहें फैलाने वालों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी संदिग्ध दिखाई दे तो पुलिस को सूचना दे।

**प्रेमिका के हत्यारे ..**सुबह आरोपित साहिल गहलोत को मित्राऊं से दबोच लिया। इसके बाद उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस टीम ने ढाबे में रखे फ्रिज से निक्की का शव भी बरामद किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो श्रद्धा वालकर की तरह निक्की यादव के प्रेमी साहिल गहलोत की योजना भी उसके शव को टुकड़े-टुकड़े कर बाहरी दिल्ली के इलाके में फेंक देने की थी। तभी कश्मीरी गेट इलाके में निक्की की हत्या करने के बाद वह शव को मित्राऊं लेजाकर अपने ढाबे में रखे फ्रिज में छिपा दिया था। पूछताछ में साहिल ने कुछ इस तरह की मंशा जाहिर की है। पुलिस का कहना है कि निक्की व साहिल दोनों के स्वजन इस बात से अनभिज्ञ थे कि दोनों वर्षों से साथ रह रहे थे। निक्की का सारा खर्च साहिल ही उठाता था। निक्की को साहिल की शादी अन्य युवती से तय हो जाने की जानकारी मिलने पर जब वह कुछ समय से उसपर शादी करने के लिए दबाव बनाना शुरू किया था तभी साहिल ने उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की साजिश रच डाली थी। उसके मन में श्रद्धा की तरह ही शव को ठिकाने लगाने की बात आई। इसलिए हत्या करने के बाद उसने शव को फ्रिज में छिपा दिया था। वह पहले यह देखने की कोशिश कर रहा था कि निक्की के स्वजन उसकी खोजबीन करते हैं अथवा नहीं। किसी को उसपर शक न हो इसलिए कुछ समय से साहिल ने निक्की के साथ रहना छोड़ दिया था। पुलिस का कहना है कि अगर साहिल बगैर साजिश रचे निक्की की हत्या करता तब हत्या के बाद उसका शव कहीं भी फेंक सकता था। इस दौरान वह यह देखता कि कहीं उसकी खोजबीन तो नहीं की जा रही है। कोई खोजबीन न होने वह शव के टुकड़े कर अलग अलग जगहों पर फेंक देता। पुलिस का कहना है कि जहां ढाबा है वहां आसपास घनी आबादी वाला कोई इलाका नहीं है। उसके आसपास जंगल और कई नाले भी हैं, जहां उसकी योजना शव को ठिकाने लगाने की थी। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में साहिल सहयोग नहीं कर रहा है।

**बार एसोसिएशन के...**अध्यक्ष एम पी तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उस पर वह पूरी निष्ठा से काम करते हुए सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का मंच पर स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। अवसर पर सनाउल्लाह खान, शिव कुंवर सिंह, गुरबाज सिंह, नरेश रस्तौगी, शिव कुमार, शक्ति मिश्रा, माया शर्मा, दिलीप सिंह, कुलविंदर सिंह पंवार, टीपी जोशी, प्रीतम लाल अरोरा, सुरेन्द्र गिरधर, गोपाल शर्मा, अजय नारायण यादव, अमित कुमार छाबड़ा, अताउररहमान, अनूप जायसवाल, दिनेश गुप्ता, भूपेश पंत, गोविंद लाल अरोरा, पियूष पंत, सर्वेश सिंह, गिरिराज कुमार आदि मौजूद थे।

**पद का दुरूपयोग करने...**है। जांच के दौरान अन्यप्रकार के भी कई घोटाले प्रकाश में आए हैं जिनकी आगे जाँच किया जाना आवश्यक है। जाँच समिति द्वारा जांच के दौरान पूर्व प्रधानाचार्य अजय कौशिक पर लगे आरोपों को सत्य पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। अग्रिम कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट कमेटी द्वारा उच्चाधिकारियों तथा प्रदेश के शिक्षा मंत्री को प्रेषित की गई है।

**अफवाह फैलाने...**कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। एसएसपी मंजूनाथ टीसी के पीआरओ भारत सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में मांस के टुकड़े फेंके जाने की घटना की कोई फुटेज नहीं मिली है।

**खंड शिक्षा अधिकारी..**प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक के तमाम कारगुजारियों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को बाकायदा हुआ करती थी। खंड शिक्षा अधिकारी जांच के आखिरी चरण तक विवादास्पद प्रधानाचार्य के पक्षधर बने रहे लेकिन जांच समिति की रिपोर्ट आने के बाद सवालों के घेरे में आने पर उनकी भी बोलती बंद है। सूत्रों का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यों से अधिकांश लोग संतुष्ट नहीं हैं।

**तमंचे ने डिस्को..** तमंचे की डिलीवरी देने वालो पर नकेल कसी जा सके। एसओ कमलेश भट्ट ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया है और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

**किशोरी से ..**हदें पार करते हुए सरे राह किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लीलता की। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने पीड़िता के मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 आईपीसी के अलावा7/8 पोक्सो एक्ट अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा   समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732   समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

